# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0–. 95 ./2023

**1. माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन दिनांक 24.04.2023 से 25.04.2023 तक भरने एवं शुल्क जमा करने तथा**

**2. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 की उत्तरपुस्तिकाओं के स्क्रूटिनी कराने हेतु दिनांक 24.04.2023 से 25.04.2023 तक ऑनलाईन आवेदन भरने एवं शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान, छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०) तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 **माह मई में आयोजित होनी है।** इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी को विद्यालय के प्रधान के माध्यम से समिति के वेबसाइट **http://secondary.biharboardonline.com** पर **दिनांक 03.04.2023 से 10.04.2023** तक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने एवं शुल्क जमा करने हेतु क्रमशः विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 77/2023 तथा पी०आर० 83/2023 द्वारा संसूचित किया गया था।

**1.2** उक्त अवधि में परीक्षा आवेदन भरने से वंचित विद्यार्थी के हित को ध्यान में रखते हुए अपवादस्वरूप **दिनांक 24.04.2023 से 25.04.2023** तक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु अवसर प्रदान किया जाता जाता है।

**1.3** ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने एवं शुल्क जमा करने के संबंध में शेष शर्तें विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 77/2023 तथा पी०आर० 83/2023 के अनुसार यथावत रहेगी। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्प लाइन नं0–0612–2232074 पर सम्पर्क किया जा सकता है अथवा E-mail Id : bsebsehelpdesk@gmail.com पर सूचित कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

**1.4** कतिपय विद्यालय के प्रधान द्वारा कुछ विद्यार्थी का पंजीयन/परीक्षा आवेदन भरे जाने के मद में अभी तक शुल्क जमा नहीं किया गया है अथवा कम शुल्क जमा किया गया है। उन विद्यालय के प्रधान को निदेश दिया जाता है कि बकाया शुल्क **दिनांक 26.04.2023** तक ऑनलाईन अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए समिति का पोर्टल खुला रहेगा। शुल्क जमा नहीं रहने की स्थिति में परीक्षार्थी का अंक पत्रादि निर्गत नहीं किया जा सकता है। इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित विद्यालय प्रधान की होगी।

**2.** ***वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 की उत्तरपुस्तिकाओं के स्क्रूटिनी कराने के संबंध में:***

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित परीक्षार्थियों को अपने किसी एक विषय या सभी विषय के प्राप्तांक से असंतुष्ट होने की स्थिति में उन विषय/विषयों की उत्तरपुस्तिका के स्क्रूटिनी कराने हेतु समिति के वेबसाइट **http://biharboardonline.bihar.gov.in** अथवा **scrutiny.biharboardonline.com** पर **दिनांक 03.04.2023 से 12.04.2023 तक** की अवधि में रू0 120/–(एक सौ बीस रूपये) प्रति विषय की दर से निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन स्क्रूटिनी आवेदन जमा करने हेतु क्रमशः विज्ञप्ति संख्या पी०आर०–76/2023 एवं पी०आर०–84/2023 के माध्यम से संसूचित किया गया था।

**2.1.** उक्त अवधि में स्क्रूटिनी कराने हेतु आवेदन एवं शुल्क जमा करने से वंचित विद्यार्थी के हित को ध्यान में रखते हुए अपवाद स्वरूप **ऑनलाइन स्क्रूटिनी आवेदन भरने एवं शुल्क (रू० 120/– प्रति विषय) जमा करने हेतु दिनांक 24.04.2023 से 25.04.2023 तक** अवसर प्रदान किया जाता है।

**3.** **ऑनलाइन मोड में आवेदन करने की प्रक्रिया :–**

(i) उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटनी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने हेतु समिति के वेबसाइट **http://biharboardonline.bihar.gov.in** अथवा **scrutiny.biharboardonline.com** पर "Apply for scrutiny (Annual Secondary Examination 2023)" लिंक पर क्लिक कर परीक्षार्थी अपना रौल कोड, रौल नम्बर, नाम, जन्म तिथि, USER NAME एवं पासवर्ड अंकित कर रजिस्टर करेंगे। उदाहरण के लिए ROLL CODE-71001, ROLL NO-2300101, NAME-VIKASH KUMAR, D.O.B-11-04-2008, तथा USER NAME & PASSWORD (परीक्षार्थी द्वारा चयनित)। परीक्षार्थी भविष्य में उपयोग हेतु प्रयुक्त USER NAME एवं पासवर्ड

को सुरक्षित रखेंगे। रजिस्टर करने के उपरांत परीक्षार्थी का एक पुनरीक्षण (SCRUTINY) आवेदन हेतु पेज प्रदर्शित होगा।

**(ii)** USER NAME & PASSWORD का प्रयोग करते हुए LOG-IN के उपरान्त APPLY FOR SCRUTINY BUTTON पर CLICK करेंगे। इसके बाद परीक्षार्थी का सभी विषयों के साथ एक पेज खुलेगा तथा सभी विषय के सामने APPLY BUTTON अंकित होगा।

**(iii)** जिस विषय/विषयों में परीक्षार्थी को उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटनी कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना हो, वे उस विषय/विषयों के सामने अंकित APPLY BUTTON को CLICK करके APPLY करेंगे।

**(iv)** तत्पश्चात् Fee Payment के लिए पेज पर उपलब्ध Fee payment button (Make Payment) को क्लिक करेंगे। निर्धारित स्क्रूटनी शुल्क की भुगतान हेतु राशि डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। परीक्षार्थी ऑनलाइन भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे। खाता से राशि की निकासी के पश्चात् समिति के खाता में जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदन अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**4. समिति विनियमावली में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत स्क्रूटनी निम्नांकित बिन्दुओं पर आधारित होगी :–**

- यदि उत्तरपुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों के अंक मुख पृष्ठ पर अंकित नहीं है, तो उसमें सुधार किया जायेगा।
- प्रदत्त अंकों के योग में यदि कोई त्रुटि हो, तो उसमें सुधार किया जायेगा।
- यदि कोई प्रश्न या उसके खण्ड के प्रश्नोत्तर अमूल्यांकित है, तो उसका मूल्यांकन कर प्राप्तांक में सुधार किया जायेगा।
- स्क्रूटनी के परिणामस्वरूप अंक बढ़ सकते हैं, घट सकते हैं या यथावत् रह सकते हैं।

22.04.23

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–77/23 वि0–477/पटना, दिनांक : 22/4/2023